तारीख हुक्म	न्यायालय सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रेक) नीमकाथाना उनवानी श्री श्याम गजशाह बनाम बलराम वगै. मु.सं. 25/25	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुकम की तामील में जारी हुए
29-07-25	प्रार्थी बलराम यादव द्वारा प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 151 सीपीसी प्रस्तुत करने पर पत्रावली नियत तारीख पेशी से पूर्व आज तलब की गई। प्रार्थी ने प्रा0 पत्र पेश कर निवेदन किया कि न्यायालय हाजा ने वादपत्र उनवानी बलराम बनाम अमित मुकदमा नम्बर 40/2025 में दिनांक 15.07.2025 को अन्तिम निर्णय पारित कर दिया था लेकिन हस्तगत प्रकरण में अंकित वादग्रस्त आराजी समान होने से स्थगन प्रभावी होने के कारण उक्त निर्णय की पालना नही की जा सकी हैं। अतः न्यायालय हाजा द्वारा उनवानी बलराम बनाम अमित में पारित निर्णय की पालना हेतु अस्थाई निषेधाज्ञा खारिज फरमाने की कृपा करें। वकील प्रार्थी (प्रा0 पत्र टी0 आई0) ने प्रार्थी बलराम यादव के प्रार्थना पत्र पर अनापत्ति दर्ज करवायी। अतः वकील प्रार्थी (प्रा0 पत्र टी0 आई0) की अनापत्ति के आधार पर प्रार्थी बलराम यादव का प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 151 सीपीसी न्यायहित में स्वीकार किया जाकर वादपत्र उनवानी बलराम बनाम अमित मुकदमा नम्बर 40/2025 में पारित निर्णय दिनांक 15.07.2025 की क्रियान्विति पूर्ण किये जाने की हद तक हस्तगत प्रार्थना पत्र में पारित स्थगन आदेश दिनांकित 06.05.2025 से मुक्त किया जाता हैं। शेष स्थगनादेश यथावत रहेगा। पत्रावली पूर्व नियत तारिख पेशी दिनांक 17.09.2025 को पेश हो। 17/9/25 पत्रावली पेश हुई। वकुलाय उपस्थित P.O साहब बीमार कार्य मे व्यस्थ है पत्रावली पुर्व आदेशानुसार दिनांक 19/12/25 को पेश हो।	
19/12/25	पत्रावली पेश हुई। वकुलाय अनुपस्थित। प्रकरण मे सुनवाई हेतु बार–बार आवाज लगवाई गई। बावजूद बार–बार आवाज लगाने पर वकुलाय अथवा पक्षकारान मेरे समक्ष कोई हाजिर अदालत नहीं आया। अतः कार्यवाही एक तरफा अ... हाजरी अदम पैरवी में खारिज किया जाता है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम कर दाखिल दफ्तर हो। निर्णय सरे इजलास सुनाया गया। सहायक कलक्टर (F.T.) नीमकाथाना (सीकर)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajveer Singh Yadav
Date: 2026.01.12 10:49:12 IST
Reason: SelfAttested